IMD द्वारा तीव्र वर्षा की चेतावनी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारतीय मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा** और **महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी है।**

मुख्य बिंदु

- उन्होंने मछुआरों को अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जाने से बचने की सलाह दी है।
    - छोटे जहाज़ों और अन्वेषण एवं उत्पादन संचालकों को **मौसम की गतिविधियों पर नज़र** रखने तथा आवश्यक सावधानियाँ बरतने को कहा गया है।
- लोगों को सलाह दी जाती है कि वे **जलभराव वाले स्थानों पर जाने से बचें** तथा यात्रा करने से पहले यातायात अलर्ट की जाँच कर लें।
- प्रभावित क्षेत्रों के कृषकों को **अपने खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था** करनी चाहिये और अपनी फसलों को समर्थन प्रदान करना चाहिये।
    - प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के कारण **भूस्खलन और बागवानी फसलों को नुकसान** होने का **खतरा** है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की स्थापना **वर्ष 1875** में हुई थी। यह **देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा है** और **मौसम विज्ञान एवं संबद्ध विषयों से संबंधित** सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
- यह भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी** के रूप में कार्य करता है।
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।
- IMD **विश्व मौसम विज्ञान संगठन** के **छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों** में से एक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/intense-rain-warning-by-imd